महत्वपूर्ण एवं खास

दो अपचारी बालक से चोरी के 03 मोबाईल फोन व नगद बरामद

न्याय साक्षी/रायगढ़। गांधी चौक सरिया में दिनांक 7/8/19 के दरमियानी रात तीन दुकानों का ताला तोड़ कर अज्ञात आरोपियों ने नगद रकम व मोबाइल चोरी कर ले गये थे । विरेंद्र बूक डिपो व फोटो स्टूडियो के संचालक द्वारा थाना सरिया में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 110/19 धारा 457,380 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया था । मामले में मुखबिर सूचना पर दो नाबालिक बालक से चोरी की हुई 3 मोबाइल फ़ोन , चार्जर, हेड फ़ोन ,पावर बैंक नगद रकम 4400 व दुकान के सामान जप्त किया गया है । अपचारी बालकों को बाल किशोर न्यायालय पेश किया गया है ।

नाबालिग से दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना बरमकेला में 14 वर्षीय बालिका द्वारा अपने परिचित युवक पर स्कुटी पर बिठाकर घर से दूर कटंगपाली के आगे सूने बोर घर में ले जाकर डरा धमकाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है । बालिका ने बताया कि दिनांक 16.08.19 को शाम करीब 07:00 बजे युवक उसके घर आया और बोला कि बाजार से शूट दिलाकर ता हूं कहकर अपने स्कूटी में बिठाकर ले गया और कटंगपाली के आगे सुनसान जगह बोर घर के पास ले जाकर बलात संभोग किया । आज सुबह आरोपी युवक ने बालिका को घर जाने के लिये बस में बिठा दिया घर आकर बालिका अपने माता पिता को घटना बतायी और थाना बरमकेला में रिपोर्ट दर्ज करायी, रिपोर्ट पर अप.क्र. 138/19 धारा 363, 366, 506बी, 376 भा.द.वि. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

रेस्ट हाऊस से समर्सिबल पम्प की चोरी

न्याय साक्षी/रायगढ़। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह घरघोडा में केयर-टेकर के पद पर कार्यरत कष्टु राम यादव पिता नेगी राम यादव निवासी घरघोडा द्वारा आज दिनांक 17.08.19 को थाना घरघोड़ा में दिनांक 08-09.08.19 के रात्रि रेस्ट हाउस में लगा 1 एचपी का समर्सिबल मोटर व 15 मीटर तार (जुमला 6500 रू.) को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 145/19 धारा 379 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

सातवीं आर्थिक गणना के सर्वे कार्य के लिए कलेक्टर ने जिले की जनता से की सहयोग की अपील

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने 16 अगस्त से जिले में आरंभ हुए आर्थिक गणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को पूर्ण सहयोग देने के लिए सभी नागरिकों से अपील की है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले के भौगोलिक सीमा के अंतर्गत समस्त परिवारों, मकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं उद्योगों में जाकर प्रगणकों द्वारा

जानकारी एकत्रित की जाएगी। लोक सेवा केन्द्र (कामन सर्विस सेंटर) के द्वारा नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों के द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से यह जानकारी संकलित की जाएगी। आर्थिक गणना देश के भौगोलिक क्षेत्र में समस्त आर्थिक गतिविधियों की गणना है यह गरीबी रेखा से संबंधित सर्वे नहीं है। अतएव जिले के नागरिकों से अपील की जाती है कि वे प्रगणकों को सही-सही जानकारी उपलब्ध कराए। आर्थिक गणना में संकलित जानकारी पूरी तरह गोपनीय होगी तथा संकलित आंकड़ों का उपयोग केवल नागरिकों की भलाई के लिए योजना बनाने में किया जाएगा। आर्थिक गणना का कार्य 16 अगस्त से जिले के 9 तहसीलों के 108 ग्रामों में प्रथम चरण में प्रारंभ किया गया है तथा शेष ग्रामों में चरणबद्ध तरीके से सर्वेक्षण का कार्य संपन्न होगा। यह गणना 30 अक्टूबर 2019 को समाप्त होगी।

95 हजार की तांबा वायर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। न्यू मार्डन टेक्नोमेक प्रा.लि. बारीपादा उडीसा की कम्पनी द्वारा खरसिया से धरमजयगढ़ के रेल्वे ट्रेक में विघुतीकरण का कार्य रही है । दिनांक 16/08/19 के शाम 05- 06 बजे करीब थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम टेरम के पीछे, टेण्डा नवापारा आंफिस के गार्ड गेद लाल साहू ने देखा विद्युत पोल नं. 40/2 से 40/06 तक 163 मीटर केटनरी वायर तांबे का बना हुआ कीमत लगभग 95 हजार रूपये को कोई चोर चोरी कर ले गया था । वायर चोरी की रिपोर्ट थाना घरघोड़ा में आफिस एडमिन के पद पर कार्यरत पार्थ सार्थी पांडा पिता स्वपन कुमार पांडा उम्र 34 साल, निवासी- ग्राम पोस्ट वाल्लारी ढाल वलमगढ, पूर्व सिहभूमि वर्तमान पता लक्ष्मी कालोनी, खरसिया द्वारा दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर अप.क्र.146/19 धारा 379 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी ने फौजी भाइयों को बांधी राखी

न्याय साक्षी/रायगढ़। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संदेश के साथ लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी के सदस्यों द्वारा फौजी भाइयों को राखी बाधां गया।

इस कड़ी में शासकीय पालीटेक्निक कालेज मे लायनेस अरुणा शर्मा, लायनेस प्रीति षंड़गी,लायनेस विपुला मिश्रा, लायनेस रश्मि यादव, लायनेस

प्रभा चौबे, लायनेस अलका जैन लायनेस किरण उरांव द्वारा स्वयं अपने हाथ से बनायी हुई राखी बेटी बचाओ बेटी पढाओ संदेश के साथ फौजी भाइयों को राखी बांधा एवं मुंह मीठा कराया गया।

लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी द्वारा विद्यालय में तिरंगा फहराया गया

न्याय साक्षी/रायगढ़। गोधित शाला शासकीय इंदिरा गांधी माध्यमिक विद्यालय में लायनेस क्लब आफ रायगढ़ सिटी के सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, तत्पश्चात लायनेस क्लब द्वारा सभी बच्चों व उपस्थित जनों को लड्डू व बिस्किट मिक्चर वितरण किया गया एवं हर्षोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

कार्य क्रम में प्रधानाचार्य तिवारी, राजेश पटेल जी एवं समस्त अध्यापक व समस्त स्टाफ एवं आदरणीय शिक्षाविद नंदलाल त्रिपाठी जी, पार्षद श्रीमती तारा ठेठवार जी एवंविद्यार्थियों के साथ लायनेस अरुणा शर्मा, लायनेस हेमा शाह,लायनेस उर्मिला अग्रवाल,

लायनेस उषा जोगी, लायनेस प्रभा चौबे, लायनेस अलका जैन,लायनेस किरण उरांव सहित गच्चों की उपस्थिति रही।

आयकर विभाग में शान से लहराया तिरंगा

न्याय साक्षी/रायगढ़। 73 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयकर कार्यालय रायगढ़ के प्रांगण में आयकर अधिकारी कर्मचारी आयकर अधिवक्ता सीए आयकर सलाहकार एवं नन्हे बच्चों की उपस्थिति में आयकर अधिकारी सुजीत विश्वास एवं जितेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया ।जिसके साथ बैंड की धुन पर राष्ट्रगान संपन्न हुआ ।ध्वजारोहण के बाद आयकर अधिकारी वार्ड 1 सुजीत विश्वास ने सभी को 73 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी राष्ट्र के वित्तीय समृद्धि के अभिन्न अंग है अतः हम सभी को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ करना चाहिये ।देश की आजादी में भारत माता के महान सपूतों के त्याग व बलिदान को स्मरण करते हुए और आज सीमा पर तैनात जवानों के त्याग बलिदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह अलग मोर्चे पर जंग लड़ते हैं और हम सब अलग मोर्चे पर अपनी सेवाओं के द्वारा देश के उत्थान में अपना सहयोग देते हैं। उन्होंने कहा कि आयकर के संकलन में सलाहकारों सीए अधिवक्ताओं के सहयोग को विस्मृत नहीं किया

जा सकता उनके द्वारा जो प्रेरणा करदाताओं को मिलती है उसी का परिणाम है कि विभाग अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होता है।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सम्भव सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Ayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480